# यूपीएससी : एआइ से चेहरा पहचान प्रणाली का सफल परीक्षण

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्रतियोगी परीक्षाओं में असली अभ्यर्थी की जगह दूसरे फर्जी लोगों को परीक्षा देने से रोकने के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) आधारित फेस रिकिग्निशिन प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। यूपीएससी के चेयरमैन डॉ.अजय कुमार ने बताया कि गत सप्ताह आयोग की ओर से आयोजित एनडीए और सीडीएस परीक्षा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत गुरुग्राम के चुनिंदा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का उनके फार्म पर लगी फोटो से एआइ आधारित डिजिटल मिलान किया गया। इसके बिल्कुल सही परिणाम आए और सत्यापन समय को प्रति उम्मीदवार औसतन केवल 8-10 सेकंड तक कम कर दिया। पायलट प्रोजेक्ट सफल होने पर इसे अन्य परीक्षाओं में भी लागू किया जाएगा। डॉ. कुमार ने कहा कि यूपीएससी अपनी कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी प्रक्रियाओं की अखंडता के लिए भी पूरी सावधानी बरती गई है।